कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website – www.bcspgcdmt.in
E-mail – pgcollege.dhamtari@gmail.com
NAAC GRADE-'B' | AISHE CODE- C-21763
दूरभाष – 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

दिनांक 15/02/2021

:: प्रेस विज्ञप्ति ::

पी.जी. कॉलेज, धमतरी में शासन के निर्देशानुसार ऑनलाईन एवं ऑफलाईन कक्षाए प्रारंभ

सचिव, छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, नवा रायपुर के आदेशानुसार बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यायलय, धमतरी में ऑनलाईन कक्षाओं के साथ-साथ 15 फरवरी 2021 से समस्त संकायों में भौतिक रूप से क्लास रूम शिक्षण भी 50 प्रतिशत उपस्थिति के दिशा-निर्देश के तहत प्रारंभ कर दी गई है। बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यायलय, धमतरी की प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि विज्ञान, कला, वाणिज्य, विधि एवं आई.टी. संकाय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विषयों के 50 प्रतिशत छात्र-छात्राओं की व्यक्तिगत उपस्थिति के साथ 15 फरवरी 2021 से ऑफलाईन कक्षाएँ भी अब नियमित रूप से टाईम टेबल के अनुसार प्रारंभ कर दी गई है। कोरोना वैश्विक महामारी के कारण विगत कुछ माह से शासन के निर्देशों का पूर्णतः पालन करते हुए महाविद्यालय में समस्त संकायों की ऑनलाईन कक्षाए निर्धारित टाईम टेबल के अनुसार नियमित रूप से संचालित की जा रही थी। सचिव छ.ग. शासन के आदेश कमांक/एफ 3-90/2020/38-1, नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 13.02.2021 के निर्देशों का पूर्णत पालन करते हुए 50 प्रतिशत उपस्थिति के साथ समस्त संकायों की क्लास रूम शिक्षण के साथ ऑफलाईन कक्षाएँ भी 15 फरवरी 2021 से नियमित रूप से प्रांरभ कर दी गई है, जिसकी सूचना महाविद्यालय के वेबसाईट, सूचना पटल एवं समाचार पत्रों, वाट्स एप ग्रुप, व्यक्तिगत सूचना एवं अन्य माध्यमों से भी प्रदान की जा रही है।

प्राचर्य डॉ.श्रीदेवी चौबे ने बताया कि समस्त संकाय के ऐसे छात्र-छात्राएँ जो महाविद्यालय में किसी भी कारण से आने में असमर्थ हो वे ऑनलाईन मोड से भी अपना अध्यापन जारी रख सकेंगे, साथ ही ऐसे विद्यार्थी जो सर्दी, जुकाम, बुखार अथवा कोरोना के अन्य किसी लक्षण से ग्रसित है वो भी महाविद्यालय न आकर ऑनलाईन कक्षाएँ पूर्व की तरह अटेंड कर सकेंगे, साथ ही प्रेक्टिकल के संबध में शासन के वर्तमान दिशा-निर्देशों के तहत् 23 से 27 फरवरी 2021 तक समस्त प्रेक्टिकल विषयों की परीक्षा भी आयोजित की जाएगी। जिसकी जानकारी भी वेबसाईट एवं अन्य माध्यमों से छात्र-छात्राओं को दी जा रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि संकाय के समस्त विषयों के प्राध्यापकों को निर्धारित टाइम टेबल के अनुसार ही ऑनलाईन एवं ऑफलाईन कक्षाएँ संचालित करने की सूचना प्रदान करते हुए प्रत्येक शनिवार को शासन को कक्षाओं की जानकारी नियमित रूप से प्रदान भी की जा रही है। अंत में प्राचार्य डॉ.श्रीदेवी चौबे ने समस्त संकाय के छात्र-छात्राओं को शासन के निर्देशों के तहत ऑनलाईन एवं ऑफलाईन कक्षाओं में जुड़ने की अपील की।

आदेशानुसार
प्र.प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)